जबलपुर | शनिवार | 5 अप्रैल 2025 | वर्ष 76 | अंक 60 | पृष्ठ 12 | मूल्य रु. 5.00
navabharat.com twitter.com/Nava_Bharat fb.me/NavaBharat.Social

नव भारत

राष्ट्रहित का प्रहरी 1934 से
जबलपुर 77 वां वर्ष संस्करण

वक्फ संशोधन दोनों सदन से पारित

128 मत वक्फ बिल के पक्ष में और विपक्ष में 95 मत पड़े | **12** घंटे से ज्यादा उच्च सदन में चली चर्चा | **2.32** बजे गुरुवार रात राज्यसभा से वक्फ संशोधन विधेयक हुआ पारित | **75** जिलों में यूपी की पुलिस हाई अलर्ट पर | **50** लोगों को पुलिस ने हिरासत में लिया

नई दिल्ली, 4 अप्रैल. वक्फ संशोधन बिल देर रात संसद में पारित हो गया है. लोकसभा में पारित होने के बाद वक्फ संशोधन बिल पर राज्यसभा में चर्चा पूरी होने के बाद देर रात करीब ढाई बजे वोटिंग कराई गई. इस दौरान सत्ता पक्ष बिल पास कराने में सफल रहा.



राज्यसभा में वक्फ संशोधन बिल के पक्ष में 128 और विपक्ष में 95 मत पड़े. इस प्रकार उच्च सदन में 12 घंटे से ज्यादा चली चर्चा के बाद रात 2.32 बजे राज्यसभा से वक्फ संशोधन विधेयक पारित हो गया. सदन में सत्ता पक्ष ने बिल को तुष्टिकरण और वोट बैंक की राजनीति से इतर राष्ट्रीय हित में बढ़ाया गया एक अहम कदम बताया. वहीं दूसरी तरफ विपक्ष ने इस बिल को संवैधानिक अधिकारों के खिलाफ बताया है.

वक्फ संशोधन बिल पर राज्यसभा में चर्चा के दौरान सत्तापक्ष और विपक्ष के सदस्यों में अनेक अवसर ऐसे आए जबकि गहमागहमी की स्थिति भी बनी. यहां लोकसभा में एक दिन पहले ही पास हुए बिल को अगले ही दिन राज्यसभा में भी चर्चा के बाद पारित करवा लिया गया.

इससे पहले राज्यसभा में वक्फ संशोधन बिल पर हुई चर्चा का जवाब दे रहे अल्पसंख्यक कार्य मंत्री ने कहा कि यह बिल ऐतिहासिक है और इससे किसी एक मुसलमान को कोई नुकसान नहीं होने वाला. इससे तो करोड़ों गरीब मुसलमानों को लाभ होने वाला है. रिजिजू ने कहा कि बिल पारित होने के बाद आप सब देखेंगे कि कैसे लोग इसका स्वागत करते हैं.

विधेयक के दोनों सदनों से पारित होने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसे एक महत्वपूर्ण क्षण बताया. उन्होंने कहा कि संसद द्वारा वक्फ (संशोधन) विधेयक और मुसलमान वक्फ विधेयक का पारित होना सामाजिक-आर्थिक न्याय, पारदर्शिता और समावेशी विकास की दिशा में एक अहम कदम है.

वक्फ संशोधन बिल के विरोध में देशभर में सड़कों पर उतरे लोग

वक्फ संशोधन बिल के संसद से पास होने के खिलाफ देश में विरोध प्रदर्शन हो रहा है। शुक्रवार को जुमे की नमाज के बाद पश्चिम बंगाल, गुजरात, बिहार, झारखंड, तमिलनाडु, तेलंगाना, कर्नाटक, असम में मुस्लिमों ने सड़कों पर विरोध प्रदर्शन किया। इसमें महिला-बच्चे भी शामिल हैं। उत्तर प्रदेश के सभी 75 जिलों में पुलिस हाई अलर्ट पर है। फ्लैग मार्च जारी है। लखनऊ में दरगाहों और मस्जिदों की ड्रोन से निगरानी की जा रही है।

वक्फ विधेयक को कांग्रेस ने सुको में दी चुनौती

संसद के दोनों सदनों में पारित वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2025 को संवैधानिक प्रावधानों का उलंघन करने वाला करार देते हुए इसे उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी गई है. ये चुनौती कांग्रेस सांसद मोहम्मद जावेद और ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने अलग-अलग याचिकाएं दायर कर दी है.



राष्ट्रपति ट्रंप ने विवादास्पद टैरिफ चार्ट का खुलासा किया !

मणिपुर में आगे हिंसा न हो, सरकार निकाल रही रास्ता : अमित शाह

नई दिल्ली, 4 अप्रैल. केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने लोकसभा और राज्यसभा में मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लगाने का प्रस्ताव पेश किया, जिसे दोनों सदन से मंजूरी मिल गई. लोकसभा में शाह ने कहा- दिसंबर से मार्च तक बीते चार महीनों से मणिपुर में कोई हिंसा नहीं हुई है. राहत कैंपों में खाने-पीने, दवाइयों और मेडिकल सुविधाएं सुनिश्चित की गई हैं.

अमित शाह ने कहा- हाईकोर्ट के एक फैसले के बाद मणिपुर में दो समुदायों के बीच आरक्षण संबंधी विवाद के कारण जातीय हिंसा शुरू हुई. ये न तो दंगे हैं और न ही आतंकवाद. उन्होंने बताया कि इस हिंसा में 260 लोगों की मौत हुई. इनमें से 80% मौतें पहले महीने में, जबकि बाकी मौतें बाद के महीनों में हुईं. दरअसल, मई 2023 से मणिपुर में हिंसा शुरू हुई थी. 9 फरवरी को तत्कालीन मुख्यमंत्री एन बीरेन के इस्तीफा के बाद मणिपुर में 13 फरवरी को राष्ट्रपति शासन लगाया गया. नियम के तहत 2 महीने के भीतर सरकार को दोनों सदनों से राष्ट्रपति शासन को लेकर परमिशन लेनी पड़ती है.

मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लागू होने के बाद मैतेई और कुकी दोनों कम्युनिटी के बीच 13 बार बातचीत हुई. गृह मंत्रालय जल्द दिल्ली में एक संयुक्त बैठक करेगा. सरकार हिंसा को समाप्त करने का रास्ता खोजने के लिए काम कर रही है.

ट्रम्प के बयान पर शेयर टूटे

सेंसेक्स 800 अंक गिरकर 75,500 के स्तर पर

मुंबई. शेयर बाजार में आज यानी 4 अप्रैल को गिरावट है. सेंसेक्स 800 अंक की गिरावट के साथ 75,500 के स्तर पर कारोबार कर रहा है. वहीं निफ्टी में भी 300 अंक की गिरावट है, ये 23,000 से नीचे आ गया है.

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के फार्मा सेक्टर पर अलग कैटेगरी के तहत टैरिफ लगाने के बयान के बाद इस सेक्टर के शेयरों में बिकवाली है. ट्रम्प ने कहा, मुझे लगता है कि फार्मा में टैरिफ उस स्तर पर आने वाला है, जो आपने पहले कभी नहीं देखा होगा. हम अभी फार्मा पर विचार कर रहे हैं... यह एक अलग कैटेगरी है, और हम जल्द ही इसकी घोषणा करेंगे. ट्रम्प का रेसिप्रोकल टैरिफ: अमेरिका ने भारत पर 26% टैरिफ लगाने का ऐलान किया है. भारत के अलावा चीन पर 34%, यूरोपीय यूनियन पर 20%, साउथ कोरिया पर 25त्न, जापान पर 24 फीसदी, वियतनाम पर 46 फीसदी और ताइवान पर 32% टैरिफ लगेगा.

सिनेमा संसार के 'भारत कुमार' नहीं रहे

पूरब-पश्चिम से लेकर उपकार जैसी फिल्मों से क्रांति की अलख जगाई

मुंबई, 4 अप्रैल. वो दिग्गज अभिनेता जिसने फिल्मों को एक नई दिशा दी. देश प्रेम इतना कि लगभग हर फिल्म में इसकी झलक दिखाई दी. फिल्म क्रांति जब आई तो पूरे देश में छा गई. इसका एक गाना आज भी लोगों की जुबान पर है. 'जिंदगी की न टूटे' लड़ी प्यार करले घड़ी दो घड़ी. ऐसा ही प्यार अपने देश से करते करते अंततः अभिनेता मनोज कुमार ने शुक्रवार सुबह इस दुनिया को अलविदा कह दिया.

देशप्रेम पर आधारित फिल्में बनाने वाले बॉलीबुड के दिग्गज अभिनेता मनोज कुमार का 87 साल की उम्र में निधन हो गया. उन्हे भारत कुमार के नाम से भी जाना जाता था. दिग्गज एक्टर के निधन से इंडस्ट्री में शोक की लहर है. मनोज कुमार को 'भारत कुमार' के नाम से भी जाना जाता था.



मोदी ने मनोज कुमार को दी श्रद्धांजलि

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मनोज कुमार को याद करते हुए सोशल मीडिया पोस्ट कर कुछ तस्वीरें शेयर करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी. पीएम मोदी ने कहा कि दिग्गज अभिनेता और फिल्ममेकर मनोज कुमार जी के निधन से दुख हुआ. वह भारतीय सिनेमा के प्रतीक थे, जिन्हें विशेष रूप से उनकी देशभक्ति की भावना के लिए याद किया जाएगा.